# सात कंपनियों ने रक्षा उपकरणों का शुरू किया निर्माण

**राज्य ब्यूरो, जागरण, लखनऊ:** उप्र रक्षा औद्योगिक गलियारा (यूपीडीआइसी) में कई प्रमुख रक्षा कंपनियों ने अपने संयंत्रों का संचालन शुरू कर दिया है। उत्तर प्रदेश एक्सप्रेसवेज औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यूपीडा) की प्रगति रिपोर्ट के अनुसार रक्षा औद्योगिक गलियारे में 28,809 करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हो चुके हैं। 47 कंपनियों को भूमि आवंटित की जा चुकी है। 10 कंपनियों के लिए भूमि

- **यूपीडा को मिले 28,809 करोड़ रुपये के निवेश के प्रस्ताव**

उपलब्ध कराने की प्रक्रिया लगभग पूरी कर ली गई है। यूपीडा के अनुसार, कानपुर, झांसी, लखनऊ, अलीगढ़, आगरा और चित्रकूट में स्थापित रक्षा औद्योगिक गलियारे में सात प्रमुख इकाइयों में रक्षा उपकरणों का निर्माण शुरू कर दिया गया है। कानपुर में अडानी डिफेंस सिस्टम्स एंड टेक्नोलाजीज लिमिटेड गोला-बारूद का निर्माण कर रही है। इसी प्रकार अलीगढ़ में एमिटेक इलेक्ट्रानिक्स लिमिटेड ने उन्नत इलेक्ट्रानिक वारफेयर सिस्टम और सैटेलाइट उपकरणों का उत्पादन शुरू किया है। वहीं, वेरीविन डिफेंस प्राइवेट लिमिटेड ने छोटे हथियारों के निर्माण की शुरुआत कर दी है। कानपुर में एआर पालिमर्स प्रालि व आधुनिक मटेरियल्स एंड साइंसेज प्रा लि ने भी रक्षा उपकरणों का निर्माण शुरू कर दिया है।